# परसौना-बरगवां सड़क जर्जर की स्थिति में

## जगह-जगह सड़क टूटी, सड़क में कई जगह गड्ढे, आये दिन हो रहे हादसे, मालवाहकों से वसूली जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। परसौना से बरगवां तक की सड़क अब विकास का रास्ता नहीं बल्कि जनता के लिए मुसीबत और हादसों का पर्याय बनता जा रहा है। हालत यह है कि इस सड़क पर गड्ढे गिनते रह जाएंगे, लेकिन उनकी गिनती खत्म नहीं होगी। जगह-जगह उखड़ी डामर, गहरे जानलेवा गड्ढे और टूटी हुई सड़क साफ बता रही है कि कई महीने से यहां किसी ने झांककर भी नहीं देखा।**

इस मार्ग से गुजरने वाला हर वाहन चालक डर और मजबूरी के बीच सफर करने को विवश है। सबसे ज्यादा खतरा दोपहिया वाहन चालकों को है, जो आए दिन फिसलकर या गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। कई लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की संवेदनहीनता जस की तस बनी हुई है। इस सड़क के रखरखाव और मरम्मत की पूरी जिम्मेदारी उदित बरगवां-बैढ़न टोल प्लाजा को सौंपी गई है। एमपीआरडीसी के माध्यम से यहां कॉमर्शियल मालवाहकों वाहनों नियमित रूप से टोल वसूला जा रहा है। टोल प्लाजा पर न कोई रियायत है और न ही कोई ढील, लेकिन इसके बदले जनता को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह पूरी तरह गायब है। सवाल सीधा और गंभीर है कि जब सड़क इस कदर जर्जर हो चुकी है, तो टोल वसूली किस आधार पर और किस अधिकार से की जा रही है। क्या टोल अब केवल वसूली का जरिया बनकर रह गया है, जबकि सड़क मरम्मत कागजों में सिमट गई है। टोल अनुबंध की शर्तों के अनुसार संविदाकार को 25 किलोमीटर के दायरे में सड़क को दुरुस्त और सुरक्षित बनाए रखना अनिवार्य है। लेकिन मौजूदा हालात इन शर्तों का खुला उल्लंघन साबित हो रहे हैं। इस 25 किलोमीटर के सफर को तय करने में अब 45 मिनट या उससे भी अधिक समय लग रहा है। वाहन चालक गड्ढों से बचने के लिए बार-बार ब्रेक लगाने को मजबूर हैं। अधिकांश वाहन रास्ते में खराब भी हो जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण जगह-जगह टूटी सड़क मानी जा रही है। इसके बावजूद एमपीआरडीसी प्रबंधन मौन है।



### एमपीआरडीसी का अमला टोल प्रबंधन पर मेहरबान

अब एमपीआरडीसी की पूरी कर प्रणाली और टोल प्रबंधन कठघर्रे में है। जब सड़क टूट चुकी है, हादसे हो रहे हैं और तय शर्तों का खुला उल्लंघन हो रहा है, तो टोल वसूली कैसे जायज ठहराई जा सकती है। दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी, एमपीआरडीसी की या टोल प्लाजा के संविदाकार की। जनता अब जवाब नहीं, कार्रवाई चाहती है। यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई और दोषियों पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह मुद्दा सिर्फ सड़क तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोग इसे एक अहम मुद्दा मानते हुये जोर-शोर से विरोध करेंगे। विरोध का स्वरूप कैसा होगा, यह भी अभी तय नही हो पाया है, लेकिन जगह-जगह टूटी सड़क के मरम्मत कार्य में बरती जा रही लापरवाही पर एमपीआरडीसी एवं संविदाकार की कार्यप्रणाली पर लोगबाग तरह-तरह के उंगली उठाने लगे हैं।

### सड़क की जर्जर हालत पर एमपीआरडीसी प्रबंधन मौन

सड़क की जर्जर हालत को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार आवाज उठाई जा रही है। लोग तस्वीरें और वीडियो साझा कर एमपीआरडीसी और टोल प्लाजा की लापरवाही उजागर कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की नींद अब तक नहीं टूटी है। न तो मौके पर कोई निरीक्षण दिखाई देता है, न ही संविदाकार को नोटिस या दंड की खबर सामने आ रही है। इस चुप्पी ने जनता के बीच गहरे संदेह को जन्म दिया है। लोग खुलकर सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यह महज लापरवाही है या फिर एमपीआरडीसी अधिकारियों की मौन सहमति से टोल प्लाजा मनमानी कर रहा है। हालांकि इस मार्ग से कलेक्टर समेत जनप्रतिनिधियों में सांसद, विधायक, यहां तक कि मंत्री का भी आना-जाना होता रहता है। इसके बावजूद जगह-जगह टूटी सड़क का मरम्मत कराने के लिए शायद किसी के द्वारा टोल प्लाजा संविदाकार पर दबाव नही बनाया जा रहा है।

# समझौता के तहत मृतक के आश्रितों को मिला 1 करोड़ रुपए का एवॉर्ड

## जमगड़ी में पेड़ से टकराया था बोलेरो वाहन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। सरई थाना के जमगड़ी में करीब ढाई वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में रमाशंकर यादव की मौत हो गई थी। मृतक के आश्रित गण क्लेम क्षतिपूर्ति का दावा जिला न्यायालय बैढ़न में किया था। समझौते के तहत 1 करोड़ रूपये का एवॉर्ड पारित किया गया है।**

जानकारी के अनुसार फूलमति बनाम मंजू देवी वैगरह मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण सिंगरौली मुख्यालय बैढ़न सदस्य अतुल कुमार खण्डेवाल के यहां बीते दिन 28 जनवरी को आवेदक एवं अनावेदक बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कंपनी के मध्य 1 करोड़ रूपये में समझौता हो गया है। जिसका अधिकरण द्वारा समझौता एवॉर्ड पारित कर दिया गया है। आदेकगण की ओर से अधिवक्ता एसपी शाह एवं बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता प्रवीण कुमार मिश्रा एवं वाहन स्वामी की ओर से अधिवक्ता उपेन्द्रधर द्विवेदी ने पैरवी किया है। अधिवक्ता उपेन्द्रधर द्विवेदी ने बताया कि 22 जून 2023 को रमाशंकर यादव निवासी बासी थाना शक्तिनगर जिला सोनभद्र उ.प्र. मैहर से दर्शन कर वापस बोलेरो वाहन से आ रहा था कि सुबह 4-5 बजे जमगड़ी जंगल में सड़क पर बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 6335 के चालक तेजी से वाहन चलाने के कारण पेड़ में टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें रमाशंकर यादव को गंभीर चोट आने पर मौत हो गई। मृतक के आश्रितगण द्वारा क्लेम क्षतिपूर्ति दावा जिला न्यायालय बैढ़न में किया गया था। जिसका 28 जनवरी को समझौता होने पर 1 करोड़ रूपये में मामला सुलझा है।

## एक नजर में



### ननि के लिपिक का हार्ट अटैक से निधन

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली में पदस्थ लिपिक अजय सिंह बघेल का बीती रात हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। जानकारी के अनुसार नपानि में पदस्थ लिपिक अजय सिंह जिला मुख्यालय बैढ़न के आवास में बीती रात हृदय गति रूकने का शिकार हो गये। अजय सिंह के इस निधन पर नपानि में शोक है।



### इलाज के दौरान घायल छोटेलाल का हुआ निधन

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के गोड़बहरा में 19 दिन पूर्व छोटेलाल यादव बुजुर्ग पिकअप वाहन के टक्कर से घायल हो गया था। जिसका इलाज जबलपुर के बाद बैढ़न सिंगरौली निजी हॉस्पिटल में चल रहा था कि आज उसकी मौत हो गई।

### कुएं में डूबने से बालक सूरज की मौत

**सिंगरौली।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी एक 7 वर्षीय बालक बच्चों के साथ घर के समीपी कुए के पास खेल रहा था कि अचानक गहरे कुए के पानी में डूबने से मौत हो गई। चितरंगी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेमरा निवासी लालप्रताप सिंह का 7 वर्षीय पुत्र सूरज सिंह अपने छोटे भाई व बहन के साथ खेल रहा था कि अचानक खेलते वक्त कुए में गिर गया, जहां कुए के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण आज

**सिंगरौली।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में कल दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रातः 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनट का मौन रखा जाए।

# जिला स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान समिति के कलेक्टर होंगे अध्यक्ष

## सीएमएचओ उपाध्यक्ष, आज से शुरू होगा अभियान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। राज्य शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कल दिन शुक्रवार 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा अभियान आयोजित किया जायेगा।**

अभियान का मुख्य उद्देश्य पंचायतों द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति समाज में व्याप्त भय धग एवं भ्रांतियों भेदभाव को मिटाने के लिए अपील सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न सूचना, शिक्षा, संचार फैलाना है। पखवाड़े के दौरान विकासखण्ड स्तर पर पीओडी का आयोजन भी करवाया जाना है। 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाये जाने वाले स्पर्श कुष्ठ



जागरुकता अभियान के सफल क्रियान्वयन कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया। समिति में तथा उपाध्यक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे। समिति का सचिव सचिव जिला कुष्ठ अधिकारी का बनाया गया है तथा समिति के सदस्य सिविल सर्जन, प्रतिनिधि जिपं सिंगरौली, सहित अन्य विभाग होंगे।

### देवसर में यातायात नियमों की अनदेखी

जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार एनएच 39 में सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा नियमित वाहन चेकिंग नहीं किए जाने से बाइक सवारों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर लापरवाही बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में न तो हेलमेट की जांच होती है और न ही तेज रफ्तार या ट्रिपल राइडिंग पर कोई सख्ती दिखाई देती है। इसी कारण अधिकांश बाइक सवार बिना हेलमेट बेखौफ होकर वाहन चलाते नजर आते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। कई हादसों में यह बात सामने आई है कि यदि ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया होता और नियमित पुलिस चेकिंग होती, तो गंभीर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता था। लेकिन चेकिंग के अभाव में लोग नियमों को नजरअंदाज कर रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जियावन थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए।

# बैढ़न में यातायात व्यवस्था सिस्टम फेल, पुलिस अधिकारियों का दावा हवा हवाई

## कॉलेज चौराहा-बिलौंजी से तिराहा तक 200 मीटर लंबा जाम, पुलिस नदारद, आमजन त्रस्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। जिला मुख्यालय बैढ़न की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पुलिस और प्रशासन चाहे जितने दावे कर लें, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है।**

आज दिन गुरुवार को अपराह्न लगभग 3:30 बजे कॉलेज चौराहा-बिलौंजी क्षेत्र में हालात इतने बदतर हो गए कि सड़क पर यातायात पुलिस का एक भी जवान दूर-दूर तक नजर नहीं आया। चौराहे पर अव्यवस्थित तरीके से दौड़ते वाहन और पुलिस की



गैरमौजूदगी ने पूरे इलाके को जाम में तब्दील कर दिया।

स्थिति यह थी कि बाइक तक निकालना मुश्किल हो गया। करीब 200 मीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें ऑटो, कार, बाइक और भारी वाहन एक-दूसरे में फंसे रहे। राहगीर, छात्र, नौकरीपेशा लोग और मरीजों को ले जाने वाले वाहन सभी जाम में कराहते नजर आए। लोग बार-बार सवाल करते रहे कि जब यह शहर का प्रमुख और व्यस्ततम चौराहा है, तो यहां यातायात पुलिस आखिर क्यों नहीं तैनात थी। इसी दौरान कॉलेज तिराहा पर भी हालात कुछ अलग नहीं थे।

### दिखावटी दावा ज्यादा, ठोस कार्रवाई से परहेज

पुलिस अधिकारी समय-समय पर शहर की यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के दावे करते नहीं थकते, लेकिन बैढ़न की सड़कों पर सच्चाई बिल्कुल उलटा दिखाई देती है। न नियमित पेट्रोलिंग, न चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी और न ही नियमों का सख्त पालन- यही कारण है कि शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह सिस्टम फेल की स्थिति में पहुंच चुकी है। इस हालात से आमजन और प्रबुद्ध नागरिकों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही और सुस्त रवैये के कारण हर दिन जाम की समस्या बढ़ती जा रही है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दिखावटी दावों के बजाय जमीन पर ठोस कार्रवाई की जाए, प्रमुख चौराहों पर स्थायी यातायात पुलिस तैनात की जाए और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। जब तक पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएगी, तब तक बैढ़न की यातायात व्यवस्था ऐसे ही दम तोड़ती रहेगी।

# यातायात नियमों के पालन से ही जीवन की सुरक्षा है : आरपी

नवभारत न्यूज

**अनपरा 29 जनवरी। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स, रेनुसागर के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के शुभारम्भ में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी, ट्रांसपोर्टर एवं ड्राइवरों ने सुरक्षा की शपथ ली और हिंडालको की जीरो हार्म नीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रमो को गति प्रदान करते हुये फायर सेफ्टी



की टीम द्वारा सुरक्षा एकांकी नाटक का मंचन प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन, यातायात अनुशासन तथा दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है।

# डॉ. विनोद राय ने डिस्कस थ्रो में जीता कांस्य पदक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। राष्ट्रीय सुपर मास्टर्स प्रतियोगिता पुणे (महाराष्ट्र) में डॉ. विनोद कुमार राय ने म.प्र. सुपर मास्टर दल का प्रतिनिधित्व करते हुए 55 वर्ग में प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है।**



जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र प्रांत के पुणे में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय बरगवां में वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी के पद पर पदस्थ डॉ. विनोद कुमार राय ने आज दिन गुरूवार को आयोजित डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इस उम्र में भी कांस्य पदक प्राप्त किया। साथ ही कल दिन शुक्रवार 30 जनवरी को इनका मुख्य इवेंट पावरलिफ्टिंग एवं आर्म रैसलिंग होगा। जिसमें यह कल अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। डॉ. विनोद कुमार राय की इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों एवं उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही कल दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अंबेडकर चौक में मोबाइल झपटमारी के 20 दिन बाद भी खोजबीन नहीं

## पुलिस के लगे सीसीटीव्ही कैमरे नहीं खंगाले गए, पीड़ित का आवेदन बना कागज का टुकड़ा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। बैढ़न शहर के अंबेडकर चौक में 13 जनवरी को दिनदहाड़े हुई मोबाइल झपटमारी की घटना में पुलिस की कार्यप्रणाली अब सवालों के घेरे में आ गई है।**

पीड़ित द्वारा थाना कोतवाली बैढ़न में लिखित आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक न तो आरोपियों का सुराग मिला और न ही पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीव्ही कैमरों की जांच करना जरूरी समझा। जबकि अंबेडकर चौक में सीसीटीव्ही कैमरे स्वयं पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए हैं, इसके बाद भी फुटेज खंगालने में दिखाई गई उदासीनता पुलिस की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। पीड़ित लालबहादुर शाह ने अपने आवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया है कि 13 जनवरी को सुबह करीब 10:30 बजे वह प्लाजा गनियारी से अपने कमरे की ओर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह अंबेडकर चौक में पवन की दुकान के सामने पहुंचा, तभी बाइक सवार दो अज्ञात युवक उसके जेब से मोबाइल फोन निकालकर गनियारी की ओर फरार हो गए। छीना गया मोबाइल मोट्रोरोला सेट रियलमी नार्जो एन-61 बताया गया है, जिसमें सक्रिय सिम नंबर दर्ज थे। पीड़ित ने तत्काल शोर मचाकर पीछा भी किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं लगे। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि घटनास्थल अंबेडकर चौक बैढ़न पर सीसीटीव्ही कैमरे लगे हुए हैं, जिनके माध्यम से आरोपियों की पहचान संभव है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कैमरों की जांच नहीं की गई। इससे पीड़ित ही नहीं, आम नागरिकों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामला अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग पीड़ित का मोबाइल मिल जाए, इसकी अपील कर रहे हैं और साथ ही बैढ़न पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। लगातार सोशल मीडिया पर उठ रही आवाज के कारण पुलिस अधिकारियों की किरकिरी भी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी चुप्पी साधे बैठे हैं। जनता का कहना है कि यदि इस तरह के मामलों में भी पुलिस सक्रिय नहीं होगी, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। इधर टीआई अशोक सिंह परिहार का कहना है कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज है। आज सीसीटीव्ही कैमरा खंगाला गया है।

# जबलपुर के आर्थोपेडिक चिकित्सक ने रेडक्रॉस का किया निरीक्षण

## केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए प्रदान की जा रही सेवाओं की सराहना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। जबलपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. जितेंद्र जामदार, ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं डायरेक्टर, जामदार हॉस्पिटल, जबलपुर द्वारा सहपत्नी सहित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान डॉ. जामदार द्वारा केंद्र के समस्त विभागों का भ्रमण किया गया तथा उपलब्ध सेवाओं, उपचार व्यवस्थाओं एवं पुनर्वास गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने केंद्र



में दिव्यांगजनों के लिए प्रदान की जा रही सेवाओं की सराहना किया गया।

उक्त अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. आरडी पाण्डेय सहित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के समस्त सेवायुक्त मौजूद रहे।

# कन्या स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**देवसर 29 जनवरी। शासन के निर्देशों के अनुक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर में डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र कुमार द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन एवं विभिन्न शासकीय सेवाओं में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार केके मिश्रा, आईटी सेल समन्वयक एवं जिला करियर काउंसलर डॉ. अरुण कुमार चतुर्वेदी, उत्कृष्ट प्राचार्य लाला सिंह, मॉडल प्राचार्य शिवराम दास गुप्ता, प्राचार्य कुर्सा श्यामलाल प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कन्या विद्यालय के करियर काउंसलर प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल द्वारा किया गया। देवेंद्र कुमार द्विवेदी डिप्टी कलेक्टर ने पीएससी तथा यूपीएससी परीक्षाओं में सफल होने के लिए बताया कि इसके लिए विद्यार्थियों में उच्च कोटि की रुचि एवं उच्च कोटि की अभिरुचि होनी चाहिए तथा भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए। डॉ. अरुण कुमार चतुर्वेदी ने कक्षा 10वीं के बाद विषय चयन पर चर्चा कर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

# ईसीएल ने डब्ल्यूसीएल को 5-0 से दी शिकस्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी। एनसीएल की जयंत परियोजना में कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 आयोजित की जा रही है। 28 जनवरी से शुरू हुई इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में कोल इंडिया सहित एनसीएल, एमसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल, ईसीएल, सीएमपीडीआईएल और एससीसीएल की टीम भाग ले रही हैं।**

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सीसीएल और बीसीसीएल के बीच खेला गया, जिसमें सीसीएल



ने बीसीसीएल को 1-0 से हराकर जीत हासिल की। इसी क्रम में ईसीएल एवं डब्ल्यूसीएल के बीच मुकाबले में ईसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूसीएल को 5-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं सीएमपीडीआईएल बनाम एससीसीएल में सीएमपीडीआईएल ने एससीसीएल को 5-0 से हराया। कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एसईसीएल और सीसीएल के बीच हुए मुकाबले में एसईसीएल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सीसीएल को 3-1 से मात दी।



# हनुमान नगर में प्राण-प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव मना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 जनवरी।** हनुमान नगर भुसामोड़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव के अवसर पर पंजरेह पुनर्वास सेवा समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीते दिन मंगलवार को रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ, वहीं बुधवार को इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजरेह पुनर्वास सेवा समिति के सभी पदाधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।